




**एक नजर में**

### डॉक्टर्स–डे पर किया सम्मान



**सारंगपुर 01 जुलाई, सं.** प्रतिवर्ष अनुसार लायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा विश्व डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य पर नगर के शासकीय चिकित्सालय में पदस्थ डॉक्टर्स को सम्मानित किया गया . लायन अध्यक्ष पद से निवृत प्रभा पालीवाल की मंशा अनुसार दो स्टील की बेंचेज भेंट की गई . कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ . अंकित यादव, डॉ .तस्लीम मंसूरी, डॉक्टर मनीष सूर्यवंशी, अभिलाषा चौधरी, डॉक्टर बर्मन आदि एवं नवीन क्लब अध्यक्ष लायन रूपेश जोशी, सहित क्लब के सदस्य ओपी विजय वर्गीय, राजेंद्र पालीवाल, महेश शर्मा, मोहम्मद मंसूरी, राजेश श्रीमाल, अतुल जोशी, मनोज दंडवानी, प्रदीप चौहान, आदित्य शर्मा उपस्थित थे . सामाजिक जीवन में डॉक्टर्स की भूमिका और उनकी सेवाओं को सराहा . समारोह में उपस्थित मंचासीन एवं अन्य डॉक्टर्स द्वारा भी अपने अपने विचार प्रकट किए .

### पेंशनर्स सदस्यों का जन्मदिन मनाया



**सारंगपुर 01 जुलाई, सं.** मप्र प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन ने माह जून में जन्मे पेंशनर्स का मनाया . शाखा अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण त्रिकार सहित अन्य पदाधिकारियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ साईं मंदिर प्रांगण में किया . इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्य मिर्जा अफजल बेग कीड़ी, भागीरथ श्रीकार, पुरुषोत्तम कारपेंटर, मुमताज खा, खेमचंद गिरजे, प्रेम नारायण पुष्पद, विजय कुमार शर्मा, बंशीलाल मालवीय, श्रीमती निर्मला पवार, भंवरलाल पुष्पद, दिनेश कुमार चौहान, श्रीमती शशि वर्मा का सामूहिक जन्मोत्सव मनाया गया . अनुपस्थित सदस्यों को मोबाइल पर शुभकामनाएं दी . कार्यक्रम में राजेंद्र सिंह राणा, नंदकिशोर सोनी, भेरूलाल मालवी, विष्णु प्रसाद जोशी, जय हिंद प्रकाश दुबे, शिव सिंह चौहान, कन्हैयालाल वर्मा, श्रीवल्लभ सोनी, मनोहर पाठक, रामवचन सिंह कुशवाह, रामनारायण टेटवाल, शंकरलाल मालवीय, सिद्धनाथ शर्मा,शिवनारायण मालवी, कालू सिंह गुर्जर, मोहनलाल चंदेलकर, प्रदीप शर्मा, राजेंद्र टेटवाल, रामप्रसाद वर्मा, हरीश शर्मा, रघुनंदन जी सक्सेना, नंदकिशोर पुष्पद, कैलाश वर्मा, राम प्रसाद मालवीय भेरूलाल मालवी , राधेश्याम सोनी,रामचरण मालवी, जगदीश प्रसाद कुंभकार , मांगीलाल भारतीय आदि कई पेंशनर्स उपस्थित रहे . कार्यक्रम में हाल ही में धारा 49 के संशोधन व पेंशनर्स के एरियर व अन्य हितों को लेकर चर्चा की गई . साथ ही मुख्यमंत्री के समक्ष प्रतिनिधिमण्डल को मिलने की चर्चा की गई . पेंशनर्स सदस्यों ने पर्यावरण को लेकर भी चिंता जाहिर की . साथ ही 2 जुलाई को सेवा सदन में होने वाले मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर को लेकर भी जानकारी दी गई .

# अब राजगढ़ के पम्प में मिला पानी !

## डीजल स्टोरेज टैंक में पानी मिलने पर पम्प किया सील

**प्रशासनिक अमले के निरीक्षण में सामने आया मामला**

**जिला मुख्यालय पर की गई कार्रवाई**



**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 01 जुलाई, का. मुख्यमंत्री के काफिले में शामिल वाहनों में रतलाम के एक पेट्रोल पम्प से डीजल डलवाने पर डीजल में पानी मिला पाये जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया था. इस पर उक्त पम्प को सील कर दिया गया था तथा इसके बाद खाद्य मंत्री द्वारा प्रदेश के सभी पेट्रोल पम्पों की गहन जांच के निर्देश दिए गये.**

इसी तारतम्य में मंगलवार को जब राजगढ़ में एक पम्प का निरीक्षण किया गया तो उसके डीजल स्टोरेज टेंक में पानी पाया गया. इसके बाद उक्त पम्प को सील कर दिया गया.

जानकारी के अनुसार राजगढ़ में बायपास स्थित संचालित स्वामी रामेश्वर कृपा पेट्रोल पम्प पर डीजल स्टोरेज टेंक में पानी की मात्रा पाए जाने पर प्रशासन द्वारा पेट्रोल पम्प को सील करने की कार्यवाई की गई.

नायब तहसीलदार ऋषभ परतेती एवं सहायक आपूर्ति अधिकारी श्रीमती स्वाती वायकर के द्वारा राजगढ़ में संचालित स्वामी रामेश्वर कृपा पेट्रोल पम्प का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान डीजल स्टोरेज टेंक में पानी पाया गया. इसके बाद पेट्रोल पम्प को सील करने की कार्यवाई की गई.

### सेम्पल लिए

स्टोरेज टेंक में पानी की मात्रा मिलने पर पानी मिश्रित डीजल के सेम्पल लेकर जांच के लिए भेजे गये है . अधिकारियों के द्वारा उक्त कार्यवाई पम्प के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान की गई .यह कार्यवाई एसडीएम रत्नेश श्रीवास्तव के निर्देशन में की गई .

### नई तकनीक के वाहन हो रहे खराब

विदित है कि वर्तमान में बीएस –6 अत्याधुनिक टेक्नॉलॉजी से निर्मित इलेक्ट्रॉनिक सेंसर वाले वाहन में यदि थोड़ा भी पानी डीजल, पेट्रोल के साथ चला जाता है तो इन वाहन के इंजन में बड़ी खराबी निर्मित हो जाती है . ऐसे में कई बार डीजल, पट्रोल के साथ पानी चले जाने से ऐसे वाहनों के इंजन खराब हो जाते है जिनको दुरस्त करवाने में वाहन मालिक को एक बड़ी राशि का वहन करना पड़ता है . पानी के कारण ऐसे वाहनों के इंजन की कार्यक्षमता पर भी बुरा असर पड़ता है .



# दीनदयाल रसोई केंद्र का निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**सारंगपुर 01 जुलाई, सं. मंगलवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री ज्योति सुनेरे द्वारा दीनदयाल रसोई योजनान्तर्गत नगर पालिका सारंगपुर के माध्यम से अम्बेडकर पार्क परिसर में संचालित रसाई केन्द्र का निरीक्षण किया गया.**

निरीक्षण के दौरान रसोई केन्द्र पर पकाए जा रहे भोजन में सुधार एवं साफ–सफाई रखने व तय राशि से अधिक राशि न लेने एवं सीसीटीवी कैमरे चालु रखने व ऑन लाईन निगरानी रखने की हिदायत दी गई. कलेक्टर राजगढ़ के द्वारा 28 जून को बैठक में दिये गये निर्देश के बाद उपस्थित दीनदयाल रसोई योजना के शाखा प्रभारी गिरीश गोखले को रसोई केन्द्र पर प्रतिदिन भोजन कर रहे हितग्राहियों का पोर्टल पर दर्ज हितग्राहियों का 10 प्रतिशत टेलिफोनिक सत्यापन कर प्रतिमाह वरिष्ठालय को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं. साथ ही दीनदयाल रसोई योजना का प्रचार–प्रसार करने हेतु भी निर्देशित किया गया ताकि शहर के गरीब नागरिकों को भोजन उपलब्ध हो सके.

# पैवर्स के बाद भी कीचड़ से नहीं मिली राहत



**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 01 जुलाई, का. नगर में हाल ही में नपा प्रशासन द्वारा पुराना ए.बी.रोड पर दोनों साइड में लाखों रुपये की लागत से पैवर्स लगाए है, अभी कुछ जगह यह कार्य चल ही रहा है. पैवर्स लगने से धूल एवं कीचड़ से निजात मिल सकेगी ऐसी उम्मीद जागी थी किंतु पानी निकासी नहीं होने के कारण बारिश होते ही पैवर्स पर पानी एवं कीचड़ मच रहा है. लाखों रुपये लगाए जाने के बाद भी कीचड़ की समस्या से निजात नहीं मिल सकी है.**

गौरतलब है कि नगर के मुख्य मार्गो की साइड कच्ची होने से धूल और कीचड़ की समस्या का सामना नागरिकों को करना पड़ता है. पुराना ए.बी.रोड पर नपा द्वारा पैवर्स लगाने का कार्य किया गया. मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना चतुर्थ चरण के तहत शासन द्वारा नगर के लिए स्वीकृत 9 निर्माण कार्यो में से एक उत्कृष्ट विद्यालय मुल्तानपुरा से गुना बायपास तक पुराना ए.बी.रोड पर साइड में पैवर्स लगाए जाना है. अधिकांश जगह पैवर्स लग चुके है, जबकि अन्य स्थानों पर कार्य जारी है.

**पानी निकासी मुख्य समस्या** नगर में पानी निकासी की मुख्य समस्या है. यह ऐसी समस्या है कि भले ही साइडो में पैवर्स, सीसी रोड का निर्माण कर दिया जाये किंतु जब तक निकासी की समस्या दूर नहीं होती तब तक लाखों के निर्माण भी कारगर सबित नहीं होते. पैवर्स लगने से पुराना ए.बी.रोड पर तो धूल और बारिश में कीचड़ से राहत मिल सकेगी ऐसी उम्मीद थी किंतु कई जगह पैवर्स पर बारिश का पानी जमा होकर कीचड़ मचने लगा है.

पीपल चौराहा के समीप रोकस दुकानों के सामने, पुराना बस स्टेण्ड, पोस्ट ऑफिस के सामने सहित अन्य स्थानों पर पैवर्स कीचड़ से सराबोर नजर आ रहे है.

**मुख्य मार्गो पर कीचड़ से परेशानी** नगर के राजगढ़ रोड, सुठालिया रोड सहित अन्य मार्गो पर भी बारिश में कीचड़ की समस्या निर्मित होने लगी है. गर्मी एवं ठंड के दिनों में धूल उड़कर घर, दुकानों तक पहुंचती है तो बारिश में कीचड़ मच रहा है. इसी प्रकार नगर की पॉश कॉलोनियों, मोहल्लों में भी कीचड़ की समस्या से राहगीरों को बहुत तकलीफ उठाना पड़ रही है.

### लोकसेवकों का सर्विस रिकार्ड संधारित

**राजगढ़ 27 जून, का.** स्कूल शिक्षा विभाग ने शिक्षा से जुड़ी विभिन्न प्रकार की शासकीय प्रक्रियाओं के पारदर्शी रूप से संचालन के लिये एजुकेशन पोर्टल 3 .0 का विकास किया है . इस पोर्टल पर शिक्षकों की सुविधा के लिये हमारे शिक्षक ई–गवर्नेंस प्लेटफार्म विकसित किया गया है .



# डॉक्टर्स डे पर किया पौध रोपण

**राजगढ़ 01 जुलाई, का.** जिला आयुष कार्यालय परिसर में मंगलवार को डॉक्टर्स डे के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ शोभा पटेल ने पौधारोपण किया. साथ ही उपस्थित सभी कर्मचारियों को भी एक एक पौधा लगाने की बात कही. सीएमएचओ डॉ पटेल ने जिले की सभी स्वास्थ संस्थाओं में बड़े स्तर पर पौधारोपण कराने की रणनीति बनाने की बात भी कही. उन्होंने ऐसी समस्त संस्थाएं जहां चारों और बाउंड्री वाल है और पानी की सुविधा है उन सभी जगहों पर पौधारोपण कर संस्थाओं को हरा भरा करने के निर्देश दिए. ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक आशा को भी एक एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने की बात कही. सीएमएचओ ने समस्त डॉक्टर्स को डॉक्टर डे पर शुभ कामनाएं भी दी.

# पंचायत सचिव संघ ने सीईओ को दी नवागत का स्वागत किया

**नवभारत न्यूज**

**जीरापुर 01 जुलाई, सं.** पंचायत सचिव संगठन द्वारा स्थानीय डग बालाजी मंदिर परिसर में विदाई समारोह एवं स्थानांतरण पर एक आयोजन किया गया. जनपद पंचायत सीईओ हेमेंद्र गोविल के स्थानांतरण एवं पंचायत सचिव सेवानिवृत्त पर बिदाई समारोह तथा नवागत सीईओ रणजीत सिंह रघुवंशी का स्वागत समारोह रखा गया. जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, सरपंच संघ अध्यक्ष प्रतिनिधी कमलसिंह पवांर, यादव सिंह पोला खेड़ा, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधी कालूसिंह तोमर, बापूलाल दांगी आदि ने कहा कि स्थानांतरित अधिकारी अपने कर्तव्य के प्रति जिम्मेदारी से कार्य करते रहे हैं और जहां भी पदस्थ हुए वहां भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें तथा नवागत सीईओ सभी को साथ लेकर विकास कार्यों के प्रति कार्य करते हुए शासन की योजनाओं का हितग्राहियों को भरपूर लाभ दिलवाएं. वहीं सेवानिवृत्ति सचिव शांतिलाल शर्मा, शिवलाल विश्वकर्मा, फूलचंद विश्वकर्मा, मोहनलाल बैरागी, श्रीलाल कटारिया को बिदाई दी. इस मौके पर श्रीलाल पवांर, जिला उपाध्यक्ष दूल्हेसिंह परमार, अध्यक्ष ब्लॉक सचिव संगठन सिद्धू लाल शर्मा, बालू सिंह गुर्जर, बद्री लाल दांगी, तेज सिंह, विजय सिंह, राजमल जैन, सिद्धू जमादार, कमलेश मालवीय, देवीसिंह सोलंकी, मनोज दुबे, जयराज सिंह, मोहनलाल बैरागी, रामनारायण किरार, पुरुषोत्तम शर्मा, कैलाश चंद्र गुर्जर, जगदीश मालवीय, रामस्वरूप शर्मा, तूफान सिंह, हुकम सिंह सरावत, बालचंद मेंरोठा, रामचंद्र सेन मधुलाल जाटव रमेशचंद्र मेवाड़, रामेश्वर पाटीदार, लक्ष्मी नारायण परिहार, बिरम सिंह सोलंकी, चुन्नीलाल दांगी, राधेश्याम दांगी, देवी सिंह बरदानिया, प्रद्युम्न सिंह, महेंद्र सिंह सोनगरा, नेपाल सिंह सोनगरा, राजेंद्र कुमार तेजरा सहित समस्त पंचायत सचिव मौजूद रहे.



# रानी रूपमती पार्क हरा भरा करने नपा लगाएगी 2 हजार पौधे

**नवभारत न्यूज**

**सारंगपुर 01 जुलाई, सं.** नगर की प्राचीन धरोहर रानी रूपमती स्मारक स्थिति 54 लाख रुपए की लागत से चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करने पहुंची नगर पालिका सीएमओ ने शासन की जल गंगा सर्वोधन योजना अंतर्गत परिसर में पौधारोपण कर कार्य की गुणवत्ता का जायजा लिया. साथ ही ठेकेदार को गुणवत्ता पूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए. मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनहरे ने कहा कि रानी रूपमती स्मारक शहर की प्राचीन धरोहर है, जहां नगर पालिका द्वारा जल्द ही एक से दो हजार पौधारोपण के साथ लाइट विद्युत साजसज्जा की जाएगी. ताकि नगर वासियों को स्वच्छ वातावरण के रूप में पार्क घूमने व नगरवासियों को पिकनिक स्पॉट मिल सके. साथ ही रानी रूपमती स्मारक हरा–भरा बनाने के लिए दो हजार पौधे लगाए जाएंगे है. इसलिए हमने जलगंगा सर्वोधन के रूप में अमृत मित्र पहल अंतर्गत पौधा रोपण अभियान वूमन फॉर ट्री लिया है. यह पहल प्रकृति, पर्यावरण, पृथ्वी, शहर और स्वास्थ्य के साथ ही इसकी सुरक्षा के लिए हम सबकी जवाबदेही है, इसलिए हम अपने घर, मोहल्ले में अधिक से अधिक पौधे लगाएं, जिससे तेजी से बढ़ रहे ग्लोबल वार्मिंग एवं प्रदूषण को रोकने व धरती माँ की रक्षा के लिए हम सभी संकल्प है, हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा जरूर लगाए.

### निर्माण कार्यों के साथ चमकेगी स्मारक

नगर पालिका अधिकारी ज्योति ने मीडिया से चर्चा में कहा की रानी रूपमती मकबरा स्मारक जीर्णोद्धार रिपेयरिंग कार्य के साथ ही कलर किया जाना है . वही परिसर में लाइट, रेलिंग रिपेयरिंग, प्लांटेशन वेटिफिकेशन, पिचिंग वर्क के साथ पादवी लगाना सुनिश्चित किया गया है . नपाधिकारी ने इस धरोहरों के संरक्षण और रखरखाव की आवश्यकता पर बल दिए जाने की बात कही है, ताकि आने वाली पीढियों के लिए इन्हें सुरक्षित रखा जा सके . निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए, जिसमें धरोहरों की मरम्मत, सफाई और सुरक्षा शामिल है .

# ईकेवायसी : हम इसीलिए अव्वल होने से रह गए

## क्योंकि सुबह 6 बजे से लोग पोस्ट ऑफिस के बाहर लाईनों में लगकर अपने ईकेवायसी कराना चाहते हैं और हम सिर्फ खानापूर्ति में लगे हुए है3

**31 मई तक 80 प्रतिशत प्रगति के साथ दूसरे नंबर पर था जिला**

**कईं आधार सेंटरों पर ईकेवायसी में नहीं ली जा रही रूचि, मामला पोस्ट ऑफिस राजगढ़ में सामने आया**



**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 01 जुलाई, का. जिले में कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्र ने भले ही ईकेवायसी को मिशन के रूप में ले लिया है. लेकिन मैदानी स्तर पर अभी भी कईं जगह इस मिशन को सिर्फ कलेक्टर की औपचारिक गतिविधि के रूप में लिया जा रहा है. कारण यही है कि शासन की विभिन्न योजनाओं को अंतिम रूप से क्रियान्वित करने में अहम कारक ईकेवायसी में हम प्रदेश में अव्वल नहीं आ पाए. हम इसी लापरवाही के कारण कुछ प्रकरणों से छिंदवाड़ा से पीछे रह गए.**

इस लापरवाही का एक और उदाहरण मंगलवार की सुबह देखने को मिला. जानकारी के अनुसार मंगलवार को सुबह पोस्ट ऑफिस राजगढ़ के बाद काफी ग्रामीणों, कर्मचारियों और बच्चों की संख्या जमा देखी गई. कारण पूछने पर बताया कि वे अपने आधार की ईकेवायसी कराने आए है. जब पूछा गया कि क्यों नहीं करा पाए तो बताया गया कि पोस्ट ऑफिस में ईकेवायसी के लिए स्टाफ नहीं है. मामले में नवभारत के प्रतिनिधि ने हस्तक्षेप किया और अन्य दूसरे कर्मचारी ने अवकाश की गई कर्मचारी की आईडी ओपर कर काम शुरू किया. यानी यदि यह चिंता समय रहते की गई होती तो इस प्रकार लोग परेशान नहीं होते. सुबह 11 बजे जैसे–तैसे ईकेवायसी करना शुरू किया गया. ऐसे में प्रश्न यह उठता है कि यदि ये समय रहते नागरिकों के चिंता के साथ ईकेवायसी कर देते तो अब तक हम प्रदेश में काफी आगे पहुंच गए होते. कईं कर्मचारियों ने गांवों में रात में जाकर ईकेवायसी किए है और इस तरह के कृत्य उन लोगों की मेहनत को भी पीछे धकेलने का काम कर रहे है. इसकी चिंता जिला प्रशासन को करनी होगी.

### साढे 3 लाख ईकेवायसी बाकी थी एक माह पूर्व

कुल 19 लाख लोगों के पेंडिंग समग्र आईडी प्रारंभिक सूची में आई थी . 1 लाख 67 हजार लोगों के नाम स्कूटनी के बाद हटा दिए गए . बाद में 17 लाख 84 हजार 771 लोगों के नाम बचे थे जिनके ईकेवायसी किए जाने थे . कुल मिलाकर अब तक 14 लाख 34 हजार 520 लोगों के ईकेवायसी किए जा चुके है . लेकिन अभी भी साढ़े 3 लाख लोगों के ईकेवायसी होने है .




### डेढ़ लाख फर्जी आईडी हटाई

प्रशासन की ओर से जीआरएस, पटवारी, ग्राम सेवक आदि सभी को मैदान में उतारा गया . साथ ही जब एक आईडी के दो बार, मृतकों के नाम की छंटनी की गई तो करीब डेढ़ लाख से अधिक यानी 1 लाख 67 हजार 732 लोगों की आईडी को डिलिट किया गया . यानी ये उन लोगों की आईडी थी जो या तो दो बार बना दी गई या वे लोग मृत हो चुके है . ऐसे में स्कूटनी के बाद 17 लाख से अधिक पेंडिंग ईकेवायसी सामने आए . कुल 19 लाख 46 हजार लोगों के पेंडिंग ईकेवायसी की सूची पर काम शुरू किया गया था . जिला प्रशासन की ओर से कलेक्टर की अगुवाई में ईकेवायसी को लेकर अभियान चलाया गया था . फसलों में व्यस्त होने के बाद भी किसानों से सम्पर्क किया गया और 80 में से 43 प्रतिशत की बढ़ौतरी अभियान के माध्यम से की गई थी . लेकिन अब यह फिर से चिंताजनक स्थिति में जा रहा है .

### छुट्टी लेकर आए, सुबह 5 बजे से लाईन में लगे



न्याय विभाग में कार्यरत रोड़मल साहू ने बताया कि ईकेवायसी के लिए वे आज अवकाश लेकर सुबह 5 बजे ही पहुंच गए . पिछले दिनों वे चक्कर लगा चुके है . ऑफिस जाने से पहले और ऑफिस के बाद भी वे पहुंचे लेकिन उनका ईकेवायसी नहीं हो पा रहा है .

### सुबह 6 बजे से आई यूं ताकि गेहूं मिल सके



समीपस्थ तंवरवाड अंचल निवासी गम्पूबाई ने बताया कि ईकेवायसी नहीं होने के कारण उन्हें गेहूं नहीं मिल रहा है . वे मजदूर है और उंगलियों के निशान नहीं मिल पा रहे है इसलिए यहां ईकेवायसी के लिए आना पड़ा . अगर आधार अपडेशन नहीं हुआ तो उन्हें गेहूं नहीं मिलेगा . ऐसे में राशन पर संकट आ रहा है . इस उम्र में मजदूरी से ज्यादा भारी अपडेशन के लिए चक्कर लगाया प्रतीत हो रहा है .

### 50 आधार के बाद मना कर देते हैं, बेटी को साथ लाया



समीपस्थ ग्राम निवासी कंवरलाल ने बताया कि वे 4 बार आ चुके है . लेकिन पोस्ट ऑफिस से एक दिन में 50 से ज्यादा ईकेवायसी नहीं किए जाते है . जो पहले 50 आ गए उन्हीं के अपडेशन होते है . इसलिए अपने बेटी को स्कूल जाने से पहले पोस्ट ऑफिस लेकर आए हैं जिससे ईकेवायसी हो सके .

### अचानक तबियत खराब, मैडम अवकाश पर हैं

आधार का काम देखने वाली मैडम की अचानक तबियत खराब हो गई . दूसरे कर्मचारी की आईडी से आधार काउंटर चालू करवा रहे हैं . सुबह 10 बजे से 6 बजे तक आधार सम्बन्धी काम किया जाता है .

**पंकज शर्मा, पोस्ट मास्टर राजगढ़**

### रिक्त पदों के विरुद्ध अतिथि शिक्षकों की होगी व्यवस्था

**राजगढ़ 01 जुलाई, का.** स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025–26 में रिक्त पदों के विरुद्ध ऑनलाइन माध्यम से अतिथि शिक्षक व्यवस्था के संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने दिशा–निर्देश जारी किये हैं. यह कार्यवाही जीएफएमएस पोर्टल के माध्यम से की जायेगी. निर्देशों में कहा गया है कि शैक्षणिक सत्र 2025–26 में अतिथि शिक्षक आमंत्रण के लिये प्रदर्शित रिक्तियाँ एजुकेशन पोर्टल–3.0 के अंतर्गत जीएफएमएस पोर्टल पर प्रदर्शित की गयी हैं। प्रमाणित रिक्तियों के विरुद्ध ही शासकीय विद्यालय में अतिथि शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित की जायेगी. अतिथि शिक्षक के प्रथम चरण की कार्यवाही 26 जून से शुरू हो गयी है. अतिथि शिक्षक की उपस्थिति रिक्रेस्ट का प्रमाणीकरण एक से 3 जुलाई तक किया जायेगा. पोर्टल पर द्वितीय चरण की संभावित समय–सारणी 5 जुलाई से शुरू होकर 12 जुलाई तक समाप्त हो जायेगी. शैक्षणिक सत्र 2025–26 में अतिथि शिक्षक की कार्यवाही पूर्णतः ऑनलाइन है, किसी भी अतिथि शिक्षक को ऑफलाइन आमंत्रित नहीं किया जायेगा.